# सीएलजी की बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**छबड़ा, (निसं)।** उदयपुर में हुई मंगलवार को हुई निर्मम हत्या के मद्देनजर बुधवार को पुलिस थाने में सीएलजी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम ने की। इस अवसर पर डीएसपी पूजा नागर, सीआई नेकीराम व ईओ हेमेंद्र कुमार मौजूद रहे।

एसडीएम सुरेश कुमार हरसोलिया ने सदस्यों को बताया कि

> ■ उदयपुर घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम हैं : एसडीएम सुरेश कुमार हरसोलिया

उदयपुर घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम हैं। दोनो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी हैं, हम सभी चाहते हैं कि उन्हे जल्द से जल्द कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

उन्होंने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियो से कस्बे में आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की और कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। पार्षद खालिद राणा ने भी प्रशासन से अपील की जो भी सोशल मीडिया सहित अन्य तरीको से सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक में हिम्मतसिंह सिंघवी, निजामुद्दीन खान, केसी जैन, अबरार अहमद सिद्दकी, जगदीश शर्मा मील वाले, गोविंद दरबार, नवीन उपाध्याय, ओमप्रकाश मालव, सुरेंद्र नागर, कमलेष सोनी, करामत भाई, खालिद राणा, कपिल तिवारी, राज मोहम्मद, अशोक गालव, मानसिंह धनोरिया आदि शामिल थे।



**पुलिस थाने में सीएलजी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम सुरेश कुमार हरसोलिया ने की। इस अवसर पर डीएसपी पूजा नागर, सीआई नेकीराम व ईओ हेमेंद्र कुमार मौजूद रहे।**

# डॉ. एमएल अग्रवाल बैंकाक में विश्वस्तरीय मानद उपाधि से अलंकृत

> ■ इसी अवसर पर उन्हें एशिया आइकोनिक अवार्ड ट्रॉफी से भी नवाजा गया
>
> ■ अग्रवाल साइकेट्री के क्षेत्र में विगत 44 वर्षो से अधिक अनवरत रूप से किए गए कार्यो के लिये सम्मानित

कोटा, (निसं)। कॉमनवेल्थ वोकेशनल यूनिवर्सिटी, किंगडम ऑफ टोंगा के द्वारा वरिष्ठ मनोरोग चिकित्सक डॉ. एमएल अग्रवाल को साइकेट्री के क्षेत्र में विगत 44 वर्षो से अधिक अनवरत रूप से किए गए कार्यो के परिणामस्वरूप डाक्ट्रेट आफ साइंस की प्रतिष्ठित उपाधि से बैंकाक थाइलैंड में सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर उन्हें एशिया आइकोनिक अवार्ड ट्रॉफी से भी नवाजा गया।

प्रेस समन्वयक सुधीन्द्र गौड़ ने बताया कि डॉ. एमएल अग्रवाल लगातार आम आदमी से ग्लोबल लेवल तक के मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक बीमारियों के बारे में जागृत करने का कार्य अनेक चिकित्सा शिविरों के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराई, इलाज के लिए विश्वस्तरीय व्यवस्था जिसमें मरीजों के ह्यूमन राइट्स तथा चिकित्सा का पूरा ध्यान रखा जाता है। मरीजों के बच्चों, कोचिंग विद्यार्थियों के लिए हॉप सोसायटी संचालित कर दस हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा में मानसिक स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारियां शामिल करवाकर दस वर्षों तक स्वैच्छिक रूपांतर कर विश्व मानसिक स्वास्थ्य संगठन अमेरिका को उपलब्ध कर हिंदी भाषा एवं देश का मान बढ़ाया। अनेक नवाचार में मानसिक स्वास्थ्य हेतु मेलों में प्रदर्शनी लगाना, राष्ट्रीय-सामाजिक पर्वो में झांकियां निकालना, सभी समुदायों, आदिवासियों में उनके धर्मगुरुओं के साथ जाकर मानसिक स्वास्थ्य की जानकारियां दी ताकि अंधविश्वासों से बचा जा सके।

## सार-समाचार

### कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

**वैर ।** कस्बे के भुसावर गेट पर आयोजित हुई रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ।जिसमें मथुरा की टीम प्रथम स्थान पर रही। रात्रि कालीन वार्षिक कबड्डी प्रतियोगिता में 25 टीमों ने भाग लिया।फाइनल मुकाबले में मथुरा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। मथुरा व छौंकरबाड़ा सीनियर में फाइनल मैच हुआ । जिसमें मथुरा की टीम ने 15 अंको से जीत हासिल की। छौंकर बाड़ा सीनियर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वही तीसरे स्थान के लिए आरएस एकेडमी व छौंकरबाड़ा जूनियर के मध्य मुकाबला हुआ। जिसमें छौंकर बाड़ा जूनियर टीम ने जीत हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर छौकरबाडा सीनियर तथा तृतीय स्थान पर छौकर बाड़ा जूनियर की टीम रही। प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम को 7100 रुपए व शील्ड से सम्मानित किया।द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 3100 व तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम 2100 रुपए व शील्ड से सम्मानित की। समापन पर आयोजित कबड्डी मुकाबले के निर्णायक सेवानिवृत्त पी टी आई महेन्द्र सिंह डागुर, आनंद प्रकाश धावई, के अलावा गौतम लखनपुर, इरफान खान,मुकेश कटारा रहे।कार्यक्रम के समापन पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए अतिथियों ने संबोधित किया।इस अवसर पर वार्ड पार्षद मुकेश कुमार सैनी, रामकरण, मानसिंह सैनी, उमेश, ओमप्रकाश जांगिड़, करण सिंह , रवि जांगिड़, गौरव , राहुल सैनी, लव जांगिड सहित अनेकों लोग मौजूद रहे। मैन ऑफ द मैच दीपक मथुरा को चुना गया ।

### जिला शांति समिति की बैठक हुई

**करौली, (नि.स.) ।** उदयपुर मे हुई घटना को देखते हुए जिले मे शांति एवं सौहार्द बनाये रखने के उद्देष्य से जिला शांति समिति की बैठक संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता मे बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित की गई। संभागीय आयुक्त ने बैठक मे शांति समिति के सदस्यों से अपील की कि जिले में उदयपुर की घटना के कारण सांप्रदायिक सौहार्द न बिगडे उसमे सभी सहयोग करते हुए युवाओं को सोशल मीडिया पर ऐसे कमेन्ट्स नही करने दे जिससे कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगडे।उन्होने कहा कि अपराधी की कोई जाति व धर्म नही होता वह अपराधिक तत्व होता है। उन्होने कहा कि समस्त जिलेवासी असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखते हुए पुलिस व जिला प्रषासन का सहयोग करे। उन्होने पुलिस अधिकारियों को भी निर्देषित किया कि अषांति फैलाने वालों पर विषेष नजर रखते हुए उनके खलाफ शीघ्र ही कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इंदौलिया ने कहा कि जिले मे धारा 144 लगी हुई है जिसकी पालना के संबंध मे निर्देष दिये है। बैठक मे अतिरिक्त जिला कलक्टर परसराम मीना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी महावीर प्रसाद नायक, पुलिस अधिकारी व शांति समिति के सदस्य गिरधर स्वरूप लवानिया जितेन्द्र भारद्वाज, भूपेन्द्र भारद्वाज, श्रीमती लज्जारानी अठावाल सहित हिण्डौन, सूरौठ, सपोटरा, मासलपुर, नादौती के आये हुए सदस्य भी उपस्थित रहे।

### 'अधिक से अधिक सेवा कार्य करें'

**भरतपुर (निसं) ।** सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत संस्था जन सहयोग फाउण्डेशन जिला भरतपुर की चिकसाना इकाई की बैठक हनुमान मन्दिर चिकसाना पर जिलाध्यक्ष दीपक तिवारी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कॉपरेटिव मैनेजर सुजान सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम चिकसाना इकाई के कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि संस्था गत 4 वर्षो से समाज सेवा के क्षेत्र में निरन्तर कार्यरत है। गौसेवा, वृक्षारोपण, पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था, निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर जैसे पुनीत कार्य समय-समय पर किये जाते रहें है। इसलिए हमें अधिक से अधिक संख्या में संस्था से जुडकर सेवा कार्य करने चाहिए। इकाई अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा चिकसाना क्षेत्र में सामाजिक समरसता एवं सेवा कार्यो को करने का परम सौभाग्य इस संस्था द्वारा हम सभी को प्राप्त हुआ है जिसका भरपूरर लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर जघीना ईकाई अध्यक्ष गिरवर जघीना, गोवर्धन सिंह, अभिषेक जघीना, सुखवीर चिकसाना, हरेन्द्र चौधरी, अजीत सिंह, सुग्रीव सिंह, रविन्द्र, किशन सिंह, संजय शर्मा, कृष्णा चौधरी आदि चिकसाना ग्राम की गणमान्य सरदारी उपस्थित रही।

### काव्य गोष्ठी आयोजित

**भरतपुर (निसं)।** अखिल भारतीय साहित्य मंच द्वारा डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल भरतपुर पर डॉ. कुसुम शर्मा की अध्यक्षता में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शेखर शर्मा, डॉ. रेनू शर्मा थे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. हर्शवर्धन दुवे, डॉ. ईशा शर्मा, मनिका शर्मा, मंथिका शर्मा थे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के जिला संयोजक जसवंत दारापुरिया थे, जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का हार पहनाकर किया। माँ सरस्वती वंदना बहिन सुशील शर्मा ने की। कवि डॉ. लोकेश शर्मा ने सोचता हूँ इस जहाँ का एकसा ईमान हो, प्यार ही मजहब हो सभी का प्यार पहचान हो, श्याम सिंह जघीना तेरे मुंह पे करेंगे बात मीठी-मीठी सी, ऐसे हर शख्स से रहना बड़े होशियार यहाँ, डॉ. कृष्ण कन्हैया शर्मा ने राम से बड़ा कोई संकल्प नहीं धाम में, रामजी छुपे हैं खुद रामजी के नाम में, चन्द्रभान फौजदार ने जीवन में हमारे भी एक पहेली बन गई है", नेकराम नेक ने हिन्दू को राम जरूरी मुस्लिम को रहमान जरूरी है, सुशील शर्मा ने जन्मदिन पर आपके सब खूब उपहार दें, आशीश दुआऐं शुभकामनाऐं व प्यार दें, लोकेन्द्र सुमन ने राश्ट्रीय हित से बढ़कर न कोई दूजा हित स्वीकार करो, कवि जयपाल आदि कवियों ने अपनी-अपनी कविता पढ़ी एवं दर्शकों ने वाह-वाह कर खूब तालियाँ बटोरीं। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। संजय शर्मा, विनोद टुनटुन, चेतन शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, सुरेश, मुकेश शर्मा, हरिओम शर्मा, बिट्टू शर्मा, सुरेश छावड़ी, भगवान सिंह, प्रधान चोबसिंह, बनय सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### 'समिति व्यवस्थापकों की मांगे पूरा करें'

भरतपुर (निसं)। आज भारतीय किसान यूनियन के किसान नेता एवं प्रदेश अध्यक्ष राजपाल सिंह पूनियां ने सहकार भवन के सामने भरतपुर में व्यवस्थापकों के धरने के तीसरे दिन मांगों को लेकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्थापकों की वाजिब मांगों को नहीं मानकर उनके साथ अन्याय कर ही रही है वहीं व्यवस्थापकों के 1 अप्रैल 2022 से हडताल एवं कार्य बहिष्कार के कारण, जिले के सहकारी समितियों से ऋण लेने वाले किसानों का ऋण 30 जून को जो ब्याज मुक्त ऋण था वह अवधिपार हो रहा है जिससे भरतपुर जिले के किसानों को कई करोड का ब्याज का नुकसान होगा। पूनियां ने धरना को सम्बोधित करते हुये कहा कि संवेदनशील बनने वाली राज्य सरकार द्वारा पिछले 3-4 माह पूर्व आर्थिक तंगी से तीन-चार साल से वेतन नहीं मिलने के कारण दो व्यवस्थापकों द्वारा आत्म हत्या करने के बाद भी एवं भरतपुर के 4 मंत्री होने के बाद भी मांगों पर ध्यान नहीं देना दुखद है। किसान नेता राजपाल सिंह पूनियां ने कहा कि भरतपुर जिले के ग्राम सेवा सहकारी समितियों के 4 सूत्री मांगों को सरकार ने शीघ्र पूरा नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन व्यवस्थापकों के समर्थन में किसान आंदोलन करेगी जिसके प्रथम चरण में 30 जून दोपहर 3 बजे सहकार भवन भरतपुर से जुलूस के रूप में कलैक्ट्रेट तक भारतीय किसान यूनियन द्वारा प्रदर्शन कर जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा।

### रक्तदान का पोस्टर जारी किया

**हिण्डौन सिटी।** आज भारत विकास परिषद शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा 10 जुलाई 2022 रविवार कोआयोजित किये जाने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन डीएसपी महोदय किशोर सिंह द्वारा किया गया । बैनर विमोचन में अध्यक्ष महेश मित्तल प्रान्तीय रक्तदान प्रभारी देवेंद्र शर्मा पदाधिकारी मुकेश जैन रक्तदान प्रभारी शंभू गोयल एवं प्रांतीय पदाधिकारी निरंजन शर्मा भामाशाह डॉ रमेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे। भामाशाह डॉक्टर तरनजीत सिंह मक्कड़ एवं डॉ रमेश अग्रवाल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन 10 जुलाई 2022 रविवार को राजकीय चिकित्सालय मोहन नगर हिण्डौन सिटी में किया जाएगा।

### पेड़ से गिरकर वृद्ध की मौत

**हिंडौन सिटी ।** समीप गांव सोमली निवासी एक वृद्ध की जामुन के पेड़ से गिरकर मौत हो गई। संघ के गांव सोमली निवासी भगवान सिंह अपने खेत में जामुन के पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ने का प्रयास कर रहा था । इस दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह पेड़ से नीचे गिर गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन वृद्ध को उपचार के लिए शहर के मोहन नगर स्थित जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार व्रत के परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को ले गए ले गए।

## सार-समाचार

### सांख्यिकी दिवस मनाया

**करौली, (नि.स.)।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेषक प्रकाष चंद मीना ने कहा कि प्रो. पी.सी. महालनोबिस के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को 16 वां सांख्यिकी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर परसराम मीना ने प्रो. पी.सी. महालनोबिस के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया की विभिन्न विभागों में सांख्यिकी का महत्व है इसी के आधार पर गरीबों के विकास की विभिन्न योजनाएं संचालित होती है धरातल स्तर के कार्मिक एवं अधिकारी सर्वे कार्य एवं डाटा विश्लेषण को प्रमाणिकता के आधार पर उपयोग करें सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, विभागीय कार्मिकों को सांख्यिकी दिवस की बधाई दी। सहायक निदेशक ने कार्यशाला का उद्देश्य एवं प्रो. पी.सी. महालनोबिस के जीवन परिचय के बारे में उद्बोधन दिया गया। सेवानिवृत्त सहायक निदेशक सुशील कुमार भारद्वाज ने सांख्यिकी दिवस की थीम ष्सतत विकास के लिए डेटाष् को विस्तरित रूप से चर्चा की । मुख्य आयोजना अधिकारी रामराज मीना ने सतत विकास लक्ष्य 2030 के गोल्स एवं नीति आयोग के इन्डीगेटर के बारे में विस्तृत रूप से बताया एवं समस्त बीएसओ के द्वारा समस्त विभागीय गतिविधियों का विश्लेषण किया गया।एसीपी विनोद कुमार मीना ने प्रो. पी.सी. महालनोबिस एवं जन आधार के संबंध में विस्तारित रूप से विश्लेषण किया।

# कोटा के एनसीसी केडैट से भर्ती कार्यालय के अधिकारी रूबरू हुए

**कोटा, (निसं)।** भारतीय वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 24 जून से शुरू हो चुका है, इच्छुक अविवाहित पुरूष उम्मीदवार भर्ती से संबंधित सभी नियमों की जानकारी भारतीय वायुसेना की अधिकारिक वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं।

एसटीओ मुख्यालय जोधपुर बीएल मीना ने बताया कि उम्मीदवार अग्निवीर भर्ती के लिए 5 जुलाई सांय 5 बजे तक ऑनलाईन पंजीकरण कर सकते हैं। भारतीय वायुसेना जोधपुर से आये सार्जेन्ट हरीश चन्द्रा व कॉरर्पोरल तिलकराज ने बुधवार को एनसीसी राज-7 के कैडेटस को ऐयरपोर्ट परिसर में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देकर युवाओं को देशसेवा के लिए सेना में आने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि 29 दिसम्बर 1999 से लेकर 29 जून तक जन्मे अविवाहित पुरूष उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक योग्यता में 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है या 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या दो वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के पात्र होंगे।

उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को 250 रूपये की फीस जमा करवानी होगी। इस अवसर पर जोधपुर वायुसेना भर्ती केन्द्र के सार्जेन्ट हरीश चन्द्रा, कॉरर्पोरल तिलकराज एवं प्रशासनिक सहायक तगाराम भील ने एनसीसी कैडैटस को भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देकर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया।



**कोटा में वायुसेना के अधिकारी एनसीसी केडैट्स को अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी।**

# बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**टोडाभीम।** कस्बे की नगरपालिका कार्यालय परिसर में बुधवार को एसडीएम दुर्गा प्रसाद मीना की अध्यक्षता में उदयपुर में युवक की गला काटकर की गई हत्या को लेकर कस्बे सहित क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें सीएलजी सदस्य वार्ड पार्षद एवं कृषि क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर बैठक के दौरान एसडीएम दुर्गा प्रसाद मीणा तथा पुलिस उपाधीक्षक फूलचंद मीणा ने बताया कि उदयपुर में एक युवक की गला काट कर हत्या की गई है वह बहुत ही शर्मसार करने वाली घटना है निंदनीय घटना है। हमें ऐसी घटनाओं से उत्तेजित नहीं होना है और अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखना है। जो आरोपी ही उन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है इसके साथ ही पुलिस के द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उपाधीक्षक फूलचंद मीना ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट नही डाले यदि कोई ऐसा करता हैं तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

बैठक में यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष दिनेश बड़ापुरा ने कहा कि प्रातः कस्बे के सीनियर विद्यालय के पास मुख्य सड़क पर खड़ी होने वाली निजि बसों के खड़े करने से विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं व चिकित्सालय जाने वाले रोगियों सहित आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं जिस पर पुलिस उपाधीक्षक फूलचंद मीना के द्वारा कस्बेके चौकी प्रभारी मानसिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि इन्हें सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यालय के पास खड़ा करने के लिए पाबंद करें।

इस अवसर पर आयोजित बैठक के दौरान पुलिस उपाधीक्षक फूलचंद मीणा के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से गलत अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस दौरान अमित पारीक, पालिका पार्शद रामस्वरुप अग्रवाल, जगराम मीना, यशवंत कुमार गुप्ता, अरविंद महावर, मोहनलाल तब्बा, यूथ कांठोस के टोडाभीम ब्लॉक अध्यक्ष महेश बड़ापुरा, आदिल खान, नेतराम बैरवा, दिनेश बड़ापुरा, सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र सिंह पाड़ला, गुफरान काजी, आसीन खान, रमाकांत भट्ट, विजय शर्मा, राजेश बसवाल, मनोज ठेकेदार, हबीब फारूकी आदि सहित कस्बे के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# झालावाड़ जिले में धारा 144 लागू

**झालावाड़, (निसं)।** जिले में सामाजिक सद्भाव प्रतिकूल रूप से बाधित होने की आशंका को देखते हुए लोक-शांति बनाए रखने हेतु तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने के मद्देनजर जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट झालावाड़ डॉ. भारती दीक्षित ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला झालावाड़ की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की है।

आदेशानुसार पांच या पांच से अधिक व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर बिना सक्षम पूर्वानुमति के एकत्रित नहीं होंगे। शैक्षिणक संस्थान एवं चिकित्सालय इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। कोई भी व्यक्ति किसी तरह का विस्फोटक पदार्थ, घातक रसायनिक पदार्थ, आग्नेय अस्त्र-शस्त्र जैसे रिवाल्वर, पिस्टल, बंदूक, एमएल गन, बीएल गन, रायफल आदि एवं अन्य हथियार तलवार, भाला, कृपाण, बरछी, गुप्ती, कटार, धारिया, बाघनखा, चाकू, छुर्री, गंडासा, फर्सा जो किसी धातु के शस्त्र के रूप में बना हो इत्यादि तथा विधि द्वारा प्रतिबंधित हथियार और मोटे घातक हथियार लाठी आदि सार्वजनिक स्थानों पर धारण कर न तो घुमेगा एवं ना ही प्रदर्शन करेगा न ही साथ में लेकर चलेगा। उक्त प्रतिबंध ड्यूटी पर तैनात बैंक सुरक्षा कर्मियों, सीमा सुरक्षा बल, राजस्थान शस्त्र पुलिस बल, राजस्थान सिविल पुलिस में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। सिक्ख समुदाय के व्यक्तियों को धार्मिक परम्परा के अनुसार निर्धारित कृपाण रखने की छूट होगी। राजस्थान पुलिस एक्ट 2007 की धारा 44 के तहत जिला पुलिस अधीक्षक या उनके द्वारा अधिकृत पुलिस अधिकारी की पूर्वानुमति बिना कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर किसी भी प्रयोजन के लिए जुलूस, सभा, धरना, रैली आदि का आयोजन नहीं करेगा। अनुमति प्राप्त आयोजक उक्त आयोजन में भाग लेने वाले व्यक्तियों का परिचय अपने स्तर पर निश्चित रूप से रखेगा एवं पुलिस एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े किसी भी अधिकारी द्वारा जानकारी मांगने पर तुरन्त उपलब्ध करायेगा। कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सद्भावना को ठेस पहुंचाने वाले उत्तेजनात्मक एवं आपत्तिजनक नारे नहीं लगाएगा, न ही ऐसा कोई भाषण या उद्बोधन देगा, न ही ऐसे किसी पम्पलेट, पोस्टर या अन्य प्रकार की सामग्री का मुद्रण कराएगा, वितरण करेगा या वितरण करवाएगा न ही किसी एम्पलीफायर, रेडियो, टेप रिकार्डर, लाउड स्पीकर, ऑडियो, वीडियो कैसेट या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक उपकरणों के माध्यम से इस प्रकार का प्रचार प्रसार करेगा अथवा करवाएगा और ऐसे कृत्यों के लिए न ही किसी को दुष्प्रेरित करेगा।

जिले में कोई भी सोशल मीडिया पर कोई भड़काउ मैसेज नहीं डालेगा ना ही आगे फारवर्ड करेगा। यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रतिबंधात्मक आदेशों की उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत अभियोजित किया जा सकेगा। उक्त आदेश 28 जून, 2022 रात्रि 10 बजे से आगामी आदेशों तक झालावाड़ जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में प्रभावी रहेगा।

# वाटर कूलर का शुभारम्भ

**कोटा, (निसं)।** ट्रांसपोर्ट वैलफेयर सोसायटी द्वारा विधायक कोष से लगे वाटर कूलर के शुभारंम्भ के कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी विधायक संदीप शर्मा और विशिष्ठ अतिथि भाजपा महामंत्री जगदीश जिंदल, वार्ड पार्मेद्र सोनू थाकड़, जसवन्त डेनी, समाज सेवी जीडी पटेल व ट्रांसपोर्ट नगर के पूर्व अध्यक्ष मंदर सिंह ने वाटर कूलर का शुभारम्भ किया गया। ट्रांसपोर्ट वेलफेयर सोयायटी के अध्यक्ष एमपी शर्मा ने बताया कि संघ के पदाधिकारी विधायक संदीप शर्मा से मिले और अवगत कराया कि ट्रांसपोर्ट नगर में हजारों की संख्या में कई मजदूर मिस्त्री और आमजन को भीषण गर्मी में ठंडे पानी की परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर विधायक संदीप शर्मा ने इस परेशानी पर गंभीर विचार करते हुए ट्रांसपोर्ट नगर में विधायक से वाटरकूलर मय शेड लगाने की घोषणा की और शीतल जल हेतु वाटर कूलर का शुभारंभ किया।

# नोडल एवं सह नोडल अधिकारी नियुक्त

**भरतपुर (निसं) ।** जिले में सम्भाग स्तरीय तीन दिवसीय महात्मा गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 15 से 17 जुलाई को आयोजित किया जायेगा। सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने बताया कि इस शिविर के प्रभारी अधिकारीजिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार एवं सह प्रभारीअधिकारी सम्भागीय आयुक्त कार्यालय के संयुक्त निदेशक मिसाराम प्रजापत होंगे। उन्होंने बताया कि ये अधिकारी आपस में समन्वय बनाये रखते हुए प्रशिक्षण शिविर की समस्त व्यवस्थाएं समय पर करवाना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने बताया कि इस सम्भाग स्तरीय तीन दिवसीय महात्मा गाँधी दर्षनप्रषिक्षण षिविर के आयोजन के लिये कार्य आवंटित कर दिये गये हैं। उन्होंने संभाग के जिला कलक्टरों से अनुरोध किया है कि वे अपने अपनेजिलों के प्रतिभागियों को सुगमता पूर्वक षिविर कार्यक्रम में भिजवाने वउनको सहयोग करने हेतु समुचित रूप से कार्मिकों की नियुक्ति करें।

# अवैध खनन को रोकने के लिये समस्त संबंधित अधिकारी कार्रवाई करें : वर्मा

> ■ संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

**करौली, (नि.स.)** संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने कहा कि जिले मे सडक दुर्घटना एवं अवैध खनन को रोकने के लिये माईनिंग, पुलिस, परिवहन, राजस्व विभाग संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही करे एवं जिले मे हो रही सडक दुर्घटनाओ को रोकने के लिये पुलिस एवं परिवहन विभाग आमजन को जागरूक करते हुए राज्य सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करे।

संभागीय आयुक्त बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने संबंधित अधिकारियों को राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ के लोकार्पण एवं षिलान्यास के दैरान संबंधित जनप्रतिनिधी को सूचित करने एवं अतिथि के रूप मे बुलाने, राजस्थान संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करने, जनप्रतिनिधियों के पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि जिले में जिला कलक्टर के द्वारा चलाये जा रहे आंचल अभियान के तहत जिले को एनीमिया मुक्त करने के लिये सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपनी अपनी भूमिका निभाने एवं इसमे ग्राम पंचायत, गांव व ढाणी मे महिलाओं की खून की जांच कर उसकी स्क्रीनिंग व सर्वे करने के संबंध मे कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में सीएमएचओं को कोविड टीकाकरण की गति बढाने व शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, शुद्ध के लिये युद्ध अभियान को जारी रखने एवं प्रभावी कार्यवाही करने, निरोगी राजस्थान एवं चिरंजीवी योजना के तहत आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करने, समाज कल्याण के अधिकारी को पालनहार के लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के प्रकरणां का निस्तारण करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन समय पर दिलवाने, नगर परिषद आयुक्त को जिले मे आगामी 15 जुलाई से शुरू हो रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान की पूर्ण तैयारी करने के संबंध में प्री कैम्प आयोजित करने, चैकलिस्ट तैयार करने एवं कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारी को जिले मे निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति बनाये रखने, किसान मित्र योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलवाने, बकाया कृषि कनेक्षनों को समय सीमा मे पूर्ण करने के निर्देश दिये।

संभागीय आयुक्त ने कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारी को विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्यों को समय सीमा मे पूर्ण करने एवं योजनाओ के तहत बकाया भुगतान को भी शीघ्र कर किसानों को लाभान्वित करवाने, महिला एवं बाल विकास के तहत आंगनबाडी केन्द्रों पर नियमित पोषाहार वितरण की मॉनिटरिंग करने व गुणवत्ता का ध्यान रखने, श्रम कल्याण अधिकारी को लंबित सिलिकोसिस सहित अन्य योजनाओ के प्रकरणों का निस्तारण करवाने, पीएचईडी के अधिकारी को पेयजल की समुचित व्यवस्था करवाने, जल जीवन के तहत चल रहे कार्यो को समय पर पूर्ण करने एवं आवश्यकतानुसार टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देष भी दिये। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारी को विभाग के द्वारा संचालित पीएम आवास योजना की गति बढाने, नरेगा के तहत श्रमिकों का बकाया भुगतान करने, स्वच्छ भारत मिषन की गति बढाने, राजीविका के तहत समूहो का गठन करने सहित अन्य योजनाओं मे लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिषत उपलब्धि हासिल करने के निर्देष भी दिये।उन्होने बैठक मे षिक्षा, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, सानिवि, पषुपालन, उद्योग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की एवं की गई बजट घोषणाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देष दिये। बैठक मे जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने जिले मे संचालित विभिन्न योजनाओं की बिन्दुवार जानकारी दी एवं शत प्रतिषत लक्ष्य प्राप्त करने एवं आमजन को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करवाने का भी आश्वासन भी दिया। बैठक मे अति कलेक्टर परसराम मीना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी महावीर प्रसाद नायक, उपवन संरक्षक सुमित बंसल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेषक के.के सांखला, अधीक्षण अभियंता आर सी शर्मा, राजवीर सिंह, सीएमएचओं डॉ दिनेष चंद मीना, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मेन्द्र मीना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।